# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412—270555 फैक्स नं. 07412—270556
Email- commratlam@mpurban.gov.in Website- www.rmcratlam.in

क्रमांक 286 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 22-2—2022

## // बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 21—2—2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :—

1— श्री विकास सोलंकी, उपायुक्त
2— श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री,
3— श्री श्याम कुमार सोनी, प्र0 सहायक यंत्री,
4— श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
5— श्री एस0पी0 आचार्य, प्र0सहायक यंत्री
6— श्री अनवर कुरैशी, प्र0सहायक यंत्री
7— श्री भैयालाल चौधरी, उपयंत्री,
8— श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
9— श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री
10— श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
11— श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
12— सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
13— श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी—3,
14— श्री धर्मेन्द्र दोगाया, उद्यान पर्यवेक्षक जोन प्र0 —2
15— श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी जोन प्रभारी —1
16— श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी, जोन प्रभारी —4
17— श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग—3
18— श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग—2
19— श्री विजय कपूर, स0रा0नि0
20— श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
21— श्री इलियास मन्सूरी, स0रा0नि0
22— श्री एहसान खान, स0रा0नि
23— श्री महेश व्यास, स0रा0नि
24— श्री विष्णु कुमावत स0रा0नि
25— श्री दिनेश राठौर, सहा0वर्ग—3
26— श्री हरेश जोशी, सहा0वर्ग—3
27— श्री वासुदेव बैरागी
28— श्री जितेन्द्र सिसोदिया,
29— श्री विराट मेहरा
30— श्री सोरभ काला,
31— श्री राकेश पाण्डे,
32— श्री कुलदीप भट्ट,
33— श्री राजेश जैन,
34— श्री शशांक पाण्डे

बैठक में उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :—

1— माह जनवरी—22 में कर्मचारियों के वेतन काटे जाने संबंधी आदेश जारी किये गये थे, उक्त आदेश का पालन किया गया अथवा नहीं, इसकी जानकारी तैयार कर चारो जोन प्रभारी, उपायुक्त को प्रस्तुत कर व्हेरिफिकेशन करावें ।

(कार्यवाही— उपायुक्त, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

2— समस्त वार्डो में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यो, उपस्थिति/अनुपस्थिति आदि के संबंध में जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं प्रत्येक 2 वार्ड पर एक पर्यवेक्षण अधिकारी को नियुक्त किया गया है, साथ ही चारो जोन में पर्यवेक्षण हेतु प्रथक से अधिकारियों द्वारा भी निगरानी की जा रही है, अतः जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी सुनिश्चित करें कि कर्मचारियो की उपस्थिति/अनुपस्थिति एवं कार्य की सही जानकारी देवे, किसी भी प्रकार से गलत जानकारी पाई जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक एवं वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही— प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

3— सिटी ब्यूटिफिकेशन के संबंध में तैयार की गई सूची अनुसार दिनांक 22—2—2022 से कार्य प्रारंभ करें ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मो0हनीफ शेख, प्र0कार्यपालन यंत्री)

4— प्लास्टिक प्रतिबंध — अमानक प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में दुकानदारो को सूचना देवे कि ऐसे प्लास्टिक को प्रतिबंधित कर दिया गया है, इसका उपयोग नहीं करें, जहां पर ऐसे सामग्री पाई जावे वहां स्पाट फाईन करें, प्रतिदिन लगभग 500 स्पाट फाईन करें, एवं उक्तानुसार कार्यवाही लगातार करते रहे जिससे उपयोगकर्ताओं में जागरूकता आवेगी तथा इनका उपयोग भी नहीं किया जावेगा । स्पाट फाइन की दरे तय किये जाने बाबत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी)

5— जीन क्षेत्रो में अभी भी जी0वी0पी है, उन्हे दिनांक 22—2—2022 तक बन्द किये जावे, जहां जी0वी0पी0 बन्द किया जावे उस स्थान पर रांगोली बनवाई जावे, नियत समयावधि पश्चात जिस क्षेत्र में जी0वी0पी0 पाया जावेगा उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाकर 7—7— दिन का वेतन काटा जावेगा ।

(कार्यवाही— प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियोजित कर्मचारी)

6— जी0पी0एस0 सिस्टम में तकनिकी कमी होना बताया है, इसे तत्काल दुरूस्त करवाया जावे, तथा मानिटरींग की जावे ।

(कार्यवाही श्री मो0हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री, श्री सौरभ काला)

7— खुले में शौच/पेशाब करने वाले के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश पूर्व में दिये गये है, अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करे, जिस वार्ड/क्षेत्र में खुले में मल/मूत्र त्याग पाया जाने पर उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, एवं वार्ड दारोगा तथा वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षणकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी, तथा 7—7— दिन का वेतन काटा जावेगा । यूरीनल हेतु शहर में स्थान चयन करे, वहां 20—25 अस्थायी यूरिनल क्रय कर स्थापित करें ।

(कार्यवाही, श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री एवं चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

8— खाली प्लाटो पर कचरा फैलाने वालो की सूची तैयार कर ली गई है, अतः बैठक में दिये निर्देशानुसार नोटिस तैयार कर संबंधित को जारी करें ।

(कार्यवाही—प्र0स्वास्थ्य अधिकारी चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

9— सी0टी0 / पी0टी0 का पुनः निरीक्षण करे, तथा कहीं कोई कमी हो तो पूर्ण करावें । पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 22—2—2022 को कर्मचारी की ड्यूटी प्र0स्वास्थ्य अधिकारी लगावे ।

(कार्यवाही श्री सुरेश व्यास, श्री मो0 हनीफ शेख,प्र0 कार्यपालन यंत्री, श्री एस0पी0 आचार्य प्र0 प्रकाश विभाग, चारो जोन प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी)

10— वाल पैंटिंग कार्य बहूत धीमी गति से हो रहा है, इसमें तेजी लाई जावे संबंधित को उक्त कार्य हेतु टीम बढ़ाई जाने बाबत सूचित करें । ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री एवं श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री)

समस्त अधिकारी कर्मचारी जिन्हे दायित्व सौपा गया है, वह कार्य नियत समयावधि में पूर्ण करें ।

उपरोक्तानुसार एवं चर्चा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों का समस्त संबंधित पालन किया जाना सुनिश्चित करें ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम
दिनांक 21—2—2022

पृ0क्र0 / 286 / सा0प्र0 / 2022
प्रतिलिपि :—

1— कलेक्टर एवं प्रशासक, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सूचनार्थ ।
2— सर्व संबंधित श्री ———————————————नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

21/2/22

आयुक्त,
नगरपालिक निगम, रतलाम